**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

**दिनांक : 14.11.2024** **समय : 1905**

- **इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक ने डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान तीन दशमलव शून्य में भाग लेने के लिए पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग के साथ समझौता किया है।**
- **पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में भी राष्ट्रीय नवजात सप्ताह कल से मनाया जाएगा।**
- **सिक्खों के पहले गुरू गुरू नानक देव जी की जयंती के सिलसिले में कल श्री विजयपुरम में गुरूद्वारा डॉ. दीवान सिंह की ओर से कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।**
- **केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने कोचिंग संस्थानों द्वारा भ्रामक विज्ञापनों पर रोकथाम के लिए कल दिशा–निर्देश जारी किए।**
- **दक्षिण अंडमान शैक्षिक अंचल के स्कूली विद्यार्थियों के सोलह वर्ष से कम आयु वर्ग के लड़के और लड़कियों के लिए आयोजित कब्बडी नॉकआउट टूर्नामेंट का फाइनल सोलह नवम्बर को खेला जाएगा।**

<><><><><><><>

इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक ने पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग के साथ समझौता किया है, ताकि चल रहे माहव्यापी अभियान में आठ सौ शहरों और कस्बों में आयोजित होने वाले देशव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान तीन दशमलव शून्य में भाग लिया जा सके। इस पहल का उद्देश्य दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले सभी पेंशनभोगियों को फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक और फिंगरप्रिंट बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन की डिजिटल प्रक्रिया के बढ़ते उपयोग को बढ़ावा देना और वरिष्ठ नागरिक पेंशनभोगियों को उनके घर तक सुविधा प्रदान करना है। इस अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी पेंशनभोगी, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले पेंशनभोगी आसानी से अपना जीवन प्रमाण पत्र जमा कर सकें। इसे प्राप्त करने के लिए, पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने डाक विभाग और इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के साथ मिलकर पोस्टमैन और ग्रामीण डाक सेवकों के सहयोग से डाकघरों, पेंशनभोगियों के घरों और डी एल सी शिविरों में यह सेवा प्रदान की है। यह अभियान से पेंशनभोगियों को पारंपरिक कागज–आधारित प्रमाण पत्र जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी और जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की प्रक्रिया आसान हो जाएगी। इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक ने पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग और राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के समन्वय में सभी केंद्रीय, राज्य और कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के पेंशनभोगियों के लिए जीवन प्रमाण बनाने के लिए वर्ष दो हजार बीस में डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र की डोरस्टेप सेवा शुरू की थी। आधार सक्षम बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण पर आधारित यह सेवा वरिष्ठ पेंशनभोगियों के लिए बहुत उपयोगी है और इससे डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जारी करने के लिए आसानी होगी। पेंशनभोगी इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक द्वारा दी जाने वाली घर–घर जाकर डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट सेवा या नजदीकी डाकघर में जाकर जीवन प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकेंगे। घर–घर जाकर सेवा प्रदान करने के लिए पेंशनभोगी को अपने निकटतम डाकघर, डाकिया या ग्रामीण डाक सेवक से संपर्क करना होगा। इसके लिए पेंशनभोगियों को सत्तर रूपये का शुल्क अदा करना होगा। इस सेवा के लिए पेंशनभोगी को आधार नंबर और पेंशन विवरण देना होगा। प्रमाण पत्र जनरेट करने की प्रक्रिया पूरी होने पर पेंशनभोगी को उसके मोबाइल नंबर पर एस एम एस प्राप्त होगा। पेंशनभोगी अपना प्रमाण पत्र jeevanpramaan.gov.in पोर्टल पर देख सकते हैं।

<><><><><><><>

पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में भी राष्ट्रीय नवजात सप्ताह कल से मनाया जाएगा। इक्कीस नवम्बर तक मनाए जाने वाले सप्ताह का विषय है "नवजात शिशुओं में रोगाणुरोधी प्रतिरोध को रोकने के लिए रोगाणुरोधी उपयोग को अनुकूलित करना"। सप्ताह के दौरान नवजात शिशु को समय पर एंटीबायोटिक देना, माता एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करना और समुदाय के साथ उनका संबंध बनाना महत्वपूर्ण है, ताकि नवजात शिशु न केवल जीवित रहें बल्कि स्वस्थ भी रहें। सप्ताह मनाने का उद्देश्य शिशु का जीवन और विकास के लिए नवजात शिशु देखभाल के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। नवजात शिशु देखभाल में रोगाणुरोधी प्रतिरोध के बढ़ते खतरे पर ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है और प्रत्येक नवजात शिशु के स्वास्थ्य सुरक्षा में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, डॉक्टरों और

परिवार की भूमिका पर प्रकाश डाला जाएगा। नवजात शिशु देखभाल इकाइयों द्वारा नवजात शिशुओं की देखभाल करने वालों को घर पर संक्रमण के लक्षण को पहचानने के बारे में जानकारी प्रदान करना चाहिए। राष्ट्रीय नवजात सप्ताह के दौरान आम जनता से ए एन एम और आशा कार्यकर्ताओं को सहयोग देने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><>

सिक्खों के पहले गुरू गुरू नानक देव जी की जयंती के सिलसिले में कल श्री विजयपुरम में गुरूद्वारा डॉ. दीवान सिंह की ओर से कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कल सुबह साढ़े आठ बजे भोग अखंड पाठ आरंभ होगा। साढ़े आठ बजे से दिन में ढ़ाई बजे तक असा–दि–वार, दीवान और कीर्तन के कार्यक्रम होंगे और दिन में बारह बजे से गुरू का लंगर होगा। कैम्पबेल बे में भी गुरू नानक जयंती के अवसर पर गुरूद्वारा में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा और गुरू का लंगर भी लगेगा।

<><><><><><><>

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने कोचिंग संस्थानों द्वारा भ्रामक विज्ञापनों पर रोकथाम के लिए कल दिशा–निर्देश जारी किए। इसके अंतर्गत सभी कोचिंग संस्थानों को अपने छात्रों और पाठ्यक्रमों के बारे में प्रासंगिक जानकारी देने को कहा गया है, जिससे उम्मीदवारों और उनके अभिभावकों को गुमराह होने से बचाया जा सके। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने विभिन्न कोचिंग संस्थानों के भ्रामक विज्ञापनों की रोकथाम के लिए नई दिल्ली में यह दिशा–निर्देश जारी किए।

<><><><><><><>

पी एम श्री सीनियर सेकेण्डरी स्कूल कैम्पबेल बे की ओर से आई टी से जुड़े विभिन्न विभागों में कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं के छात्रों के लिए अध्ययन दौरे का आयोजन किया गया। इस दौरे का उद्देश्य बच्चों को कमान, पुलिस और संचार विभागों में आई टी के कार्यों के बारे में जानकारी देना था। तटरक्षक जहाज के दौरे के दौरान बच्चों को अधिकारियों ने जहाज के नेविगेशन, संचालन और उनके मिशन में आई टी की भूमिका के बारे में जानकारी दी। बच्चों ने पुलिस विभाग के तहत पुलिस रेडियो इकाई का दौरा किया, जिसमें उनको पुलिस द्वारा दूर–दराज के क्षेत्रों में लोगों की सुरक्षा और समन्वय सुनिश्चित करने के लिए संचार तकनीक की भूमिका के बारे में बताया गया। बी एस एन एल के दौरे के दौरान बच्चों को संचार और ब्रॉडबैंड सेवा के माध्यम से स्थानीय लोगों को दूसरे क्षेत्र से जोड़ने की प्रकिया के बारे में जानकारी प्रदान की गई। यह अध्ययन दौरा छात्रों की आगे की पढ़ाई के लिए सहायक सिद्ध होगी।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान शैक्षिक अंचल के स्कूली विद्यार्थियों के सोलह वर्ष से कम आयु वर्ग के लड़के और लड़कियों के लिए कब्बडी नॉकआउट टूर्नामिंट का आयोजन किया जा रहा है। बॉयस स्कूल मैदान में आज लड़कों के चार क्वार्टर फाइनल और दो सेमीफाइनल मैच खेले गए, जबकि लड़कियों की श्रेणी में दो सेमीफाइनल मैच खेले गए। सोलह नवम्बर को सुबह नौ बजे से लड़कों की श्रेणी में प्रातरापुर और भातुबस्ती स्कूल के बीच, जबकि लड़कियों की श्रेणी में कामराज और वि के वि नगरपालिका रांची टेकरी स्कूल की टीम के बीच फाइनल मैच खेला जाएगा।

<><><><><><><>

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू में गेमिंग, एनीमेशन और मनोरंजन उद्योग के पेशेवरों और विशेषज्ञों से अगले साल पांच से नौ फरवरी तक दिल्ली में होने वाले विश्व ऑडियो विजुअल इंटरटेंमेंट शिखर सम्मेलन में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सूचना और प्रसारण मंत्रालय का यह प्रतिष्ठित सम्मेलन वैश्विक स्तर पर अपनी तरह का पहला आयोजन है। श्री जाजू ने हैदराबाद में इंडिया गेम डेवलपर्स कॉन्फ्रेंस–आई जी डी सी में कहा कि यह उच्च श्रेणी का कार्यक्रम पूरे मीडिया और मनोरंजन जगत के लिए दुनिया का सबसे बड़ा सम्मेलन होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विस्तृत सत्र में भाग लेंगे, जबकि केन्द्र सरकार के कई अन्य मंत्री भी इस सम्मेलन में शामिल होंगे।

<><><><><><><>